## ट्रैक्टर के पलटने से एक व्यक्ति घायल

**गोंदिया**-डुग्गीपार थाने के तहत कुंभार मोहल्ला निवासी आरोपी सुनील जीवन पात्रे (30) ट्रैक्टर क्र. एमएच 35 - एजी 8166 व ट्रॉली क्र. एमएच 35 - एजी 8168 में ईंटे भरकर ले जा रहा था. वह ट्रैक्टर लापरवाहीपूर्वक चला रहा था. इस दौरान ट्रैक्टर ग्राम बाम्हणी गांव के पास पलट गया. जिसमें फिर्यादी अजय हरिचंद महाडारे (31) घायल हो गया.



साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**





वर्ष : 5 | अंक : 48 गोंदिया : गुरुवार, दि. 10 जुलाई से 16 जुलाई 2025 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## मार्ग से जा रहीं मारोती कार पर गिरा पेड़

### 2 की घटनास्थल पर मौत 3 जख्मी 2 दिन में दूसरा हादसा



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया -कोहमारा मार्ग पर 9 जुलाई बुधवार की सुबह 9.00 से 9.30 बजे के दौरान मार्ग से जा रही मारोती कार पर अचानक मार्ग के किनारे का पेड़ भरभरा कर गिर गया इस हादसे में 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वह 3 गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

गौरतलब है की गोंदिया जिले में गत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते मार्गो के किनारे के बरसों पुराने पेड़ों की जड़ कमजोर हो चुकी है जिसके चलते पेड़ मार्ग पर गिरकर हादसों का कारण बन रहे हैं। गोंदिया जिले में दो दिनों में इस प्रकार का दूसरा हादसा घटित हुआ है जिसमें पहले हादसे में एक दो पहिया पर तथा दूसरे हादसे में एक कार पर पेड़ गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई वह 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बुधवार 9 जुलाई की सुबह 9ः00 से 9ः30 बजे के दौरान गोंदिया से कोहमारा मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप मार्ग से जा रही मारुति कार क्रमांक एम.एच 31 सी आर 1549 पर एक मार्ग के किनारे का आम का पेड़ भरभरा कर गिर पड़ा। हादसा इतना भीषण था कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वह इसमें दबाकर वासुदेव मसराम खेड़कर उम्र 60 वर्ष, आनंद राव मनीराम राउत उम्र 50 वर्ष सड़क अर्जुनी निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह ऋतिक राजेश दिघोर उम्र 22 वर्ष सड़क अर्जुनी। राजू रूपलाल चौरागडे उम्र 46 वर्ष गोंदिया ,अनिल रामकिशन चौधरी उम्र 46 वर्ष जख्मी हो गए सभी ज़ख्मियों को उपचार के लिए सड़क अर्जुनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कर कर उपचार शुरू किया गया। मार्ग पर गिरे पेड़ को नगर पंचायत सड़क अर्जुनी ,हाईवे पुलिस वह स्थानीय नागरिकों की सहायता से हटाकर मार्ग को व्यवस्थित रूप से शुरू किया गया।

2 दिन में दूसरा हादसा गोंदिया जिले में बारिश के दौरान मार्ग से जा रहे हैं वाहनों पर पेड़ गिरने की यह दो दिन में दूसरी घटना घटित हुई है। पहली घटना तिरोडा तहसील में घटित हुई जिसमें दो पहिया पर मोटरसाइकिल पर पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई थी। वह आज सड़क अर्जुनी तहसील के कोहमारा मार्ग पर कार पर पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हुई है।

## अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई के लिए नए दंड संहिता कानून का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**बुलंद गोंदिया।( मुंबई )**- नए दंड संहिता कानून अपराधों की जांच में तेजी लाने के लिए उपयोगी हैं। इन कानूनों के तहत डिजिटल मीडिया का प्रभावी उपयोग अपेक्षित है तथा न्यायिक प्रक्रिया में देरी को कम करने के लिए नए दंड संहिता कानून को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक अधिसूचनाएं तथा आदेश जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। उन्होंने राज्य में नए दंड संहिता कानून के क्रियान्वयन के लिए विभागवार कार्यों की रैंकिंग करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री फडणवीस विधान भवन में नए दंड संहिता कानून के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। बैठक में गृह राज्यमंत्री (शहरी) योगेश कदम, गृह राज्यमंत्री (ग्रामीण) डॉ. पंकज भोयर, मुख्य सचिव राजेश कुमार उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नए दंड संहिता अधिनियमों का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। फोरेंसिक विभाग को अपराधों को साबित करने के लिए साक्ष्यों का समय पर परीक्षण करना चाहिए। राज्य के हर जिले में फोरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही है। रिक्त पदों पर भर्ती की जा चुकी है और यदि अधिक जनशक्ति की आवश्यकता है, तो मांग की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुविधाओं और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के मामले में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे है। पुलिस बल को सशक्त बनाने के लिए राज्य में पुलिस अधिकारियों के लिए नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाने चाहिए और न्यायिक अधिकारियों, जेल कर्मचारियों, फोरेंसिक वकीलों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। नागरिक ऑनलाइन %एफआईआर% प्रणाली पर आसानी से शिकायत दर्ज कर सकें, इसके लिए काम किया जाना चाहिए। ई-साक्ष्य ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली का उपयोग बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने यह भी निर्देश दिया कि अपराधों के सबूत बढ़ाने के लिए ई-कोर्ट प्रणाली को सक्षम किया जाना चाहिए। महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच तेज गति से पूरी करने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। खासकर उत्पीड़न और अत्याचार के मामलों की जांच तेज गति से पूरी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द आरोप पत्र दाखिल करने की कार्रवाई की जानी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. इकबाल सिंह चहल, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, प्रमुख सचिव (अपील एवं सुरक्षा) राधिका रस्तोगी, प्रमुख सचिव (कानून एवं व्यवस्था) अनूप कुमार सिंह, विधि एवं न्याय विभाग की प्रमुख सचिव सुवर्णा केवले, महानिदेशक (फोरेंसिक) संजय कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जेल) सुहास वारके सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बाढ़ में फंसे युवक को बचाया-अर्जुनी मोरगांव की बहादुर युवा टीम का हौसला

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील में मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं. सिरोली मार्ग पर माहुरकुड़ा के पास पुल के दोनों ओर पानी भरा होने पर भी एक बाइक सवार ने सड़क पार करने की कोशिश की. पानी का बहाव तेज होने के कारण वह बहने लगा.

महागांव निवासी युवक, जो नाले पर आई बाढ़ देखने आया था, उसने बाइक सवार को सुरक्षित बचा लिया. बाइक सवार का नाम चंद्रपुर के राजुरा निवासी सचिन देवजी टेकाम (35) बताया गया है. अर्जुनीमोरगांव तहसील के ईटखेड़ा-माहुरकुडा से सिरोली मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक नाला है. भारी बारिश के कारण इस पुल के ऊपर से पानी बह रहा था.

सचिन टेकाम ने अपनी मोटरसाइकिल इसी रास्ते ईटखेड़ा ले जाने की कोशिश की. लेकिन, पानी का बहाव तेज होने के कारण वह बहने लगा, जिसके बाद उसने मदद के लिए शोर मचाया. उसी समय महागांव निवासी कुछ युवक बाढ़ देखने आए. उन्होंने पूरी कोशिश की और आखिरकार सचिन टेकाम को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया. विक्रम राऊत, ललित मस्के, प्रमोद कोल्हे, केतन मस्के, विजय वगारे, दिनेश फुलबंधे, लोकेश शेंडे, पटवारी अविनाश जांभुलकर, हर्ष आनंद शिंदे यह युवा सचिन के लिए देवदूत साबित हुए.

## पुरानी पेंशन करें शुरू जिला परिषद व राजस्व कर्मचारीयो का धरना विरोध प्रदर्शन




**बुलंद गोंदिया।** पुरानी पेंशन शुरू करने व विभिन्न 20 मांगों को लेकर 9 जुलाई 2025 को जिला परिषद व राजस्व कर्मचारियों द्वारा एकदिवसीय राज्यव्यापी धरना विरोध आंदोलन किया गया जिसमें गोंदिया जिले के सैकड़ो कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा।

गौरतलब है की राज्य कर्मचारी व जिला परिषद कर्मचारी द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गत अनेक वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है लेकिन राज्य सरकार द्वारा इस और अब तक किसी भी प्रकार का समाधान कारक जवाब या करवाई नहीं की गई है। जिसके चलते 9 जुलाई को राजस्व विभाग, जिला परिषद कर्मचारी, नगर परिषद कर्मचारी शासकीय अर्ध शासकीय कर्मचारीयो द्वारा द्वारा एकदिवसीय राज्यव्यापी धरना विरोध प्रदर्शन आंदोलन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष आंदोलन कर अपनी मांगों का ज्ञापन सोपा जिसमें मुख्य रूप से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना शुरू करने के साथ ही 20 विभिन्न प्रमुख मांगों का ज्ञापन सोपा। उपरोक्त आंदोलन केंद्रीय संगठन के संयोजक लीलाधर पाथोड़े जिला परिषद कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष पीजी सहारे के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। कर्मचारियों के इस आंदोलन को देश के 11 प्रमुख ट्रेड यूनियन ऑन द्वारा समर्थन दिया गया था साथ ही मार्च 2023 में अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान सरकार द्वारा दिया गया आश्वासन अब तक शासकीय स्तर पर पूरा नहीं किया गया है जिसके चलते कर्मचारियों में आक्रोश भड़क उठा है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 6 सितंबर 2023 को एक शासकीय निर्णय लेकर राज्य के सभी विभागों में वर्ग 1 से 4 तक ठेका कर्मचारियों को 9 कंपनियों से भारती करने का आदेश दिया है। जिससे भविष्य में कोई भी शासकीय कर्मचारी नहीं होगा वह सभी ठेका कर्मचारी होंगे जिससे यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। इसलिए प्रारंभिक 20 मांगों को लेकर धरना आंदोलन धरना आंदोलन प्रदर्शन किया गया है जिसका निवेदन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से सोपा गया। इस आंदोलन के दौरान केंद्रीय संगठन के संयोजक लीलाधर पाथोड़े। जिला परिषद कर्मचारी महासंघ के राज्य उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष पीजी सहारे ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश बिसेन,कार्या ध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ,महासचिव संतोष तोमर, कोषाध्यक्ष सुभाष खत्री, भागीरथ नेवारे, चन्द्रशेखर वेद्य, राकेश डोंगरे, रमेश नागपल्लीवार, टी.बी. झांझड, विश्वनाथ कपगते, नंदकिशोर गुरुभले, संतोष तुरकर, सुभाष खत्री, भागीरथ नेवारे, नंदलाल कावले, गुणवंत ठाकुर, प्रो. दर्शन बोरकर, सु.सी.कुंभरे, डब्ल्यू.आर. भंडारकर, डी.एम. कुम्भारे, डी.आर. कटरे, किशोर डोंगरवार, संदीप तिडके, ममता येडे, संदीप मेश्राम, राजेश मेनन, राज कड़व, विदेश सखारे, कुलदीप कापगते, रामेश्वर जमाईवार, योगराज बिसेन, गायक ठाकुर, योगेश रुद्राकर, ओके रहांगडाले सहित जिले के विभिन्न विभागों के सरकारी-अर्धसरकारी, जिला परिषद, शिक्षक-गैर शिक्षक, नगर पालिका-नगर परिषद के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## गोंदिया व तिरोडा तहसील में अतिवृष्टि जिले में 48.5 मिमि बारिश रेड अलर्ट की चेतावनी



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में 24 घंटे से हो रही बारिश के चलते तहसील में अतिवृष्टि दर्ज की गई वह जिले में 7 जुलाई 2025 को औसत 48.5 मिमी बारिश दर्ज की गई वह मौसम विभाग ने रेड अलर्ट की चेतावनी दी है। गौरतलब है की मौसम विभाग द्वारा गोंदिया जिले में बारिश का रेट अलर्ट घोषित किया गया है। 24 घंटे में जिले के सभी क्षेत्रों में बारिश हो रही है जिसमे गोंदिया तहसील में 66.4 मिमि व तिरोडा तहसील में 72.9 मिमि बारिश दर्ज की गई है। तथा दोनों तहसीलों में अतिवृष्टि के साथ ही जिले में औसत 48.5 मिमि बारिश दर्ज हुई है। 24 घंटे से चल रही बारिश के कारण गोंदिया तहसील के पुजारीटोला (कासा) ते मरारटोला तेडवा रास्ता बाढ़ के चलते बाधित हो गया है किंतु उपरोक्त ग्रामों में जाने के लिए पर्यायी मार्ग होने के चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना नहीं उठाना पड़ रहा है।

पेड़ गिरने से तिरोडा तहसील के ग्राम सातोना में एक व्यक्ति की मौत हो गई वह उसका बेटा जख्मी हो गया दो मकान अंशत धराशाई हुए जिसमें तिरोडा तहसील के ग्राम मुंडीकोटा निवासी किसन लक्ष्मण संतापे का मकान तथा ग्राम कवलेवाड़ा निवासी बुधाराम दूधबरैया के मकान की छत गिरी तथा तिरोड़ी तहसील के ग्राम खौरबोडी निवासी प्रेमलाल टीकाराम परतेती के मवेशियों का गोटा गिरने से दो बकरियां जख्मी हुई है। शाम 6.00 बजे तक जिले में स्थिति सामान्य बताई गई है जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नदी किनारे ग्रामों के नागरिकों से आवाहन किया गया है की बारिश के चलते हुए नदी नालों के समीप ना जाए।

## रास्ते से जा रही मोटरसाइकिल पर गिरा पेड़ पिता की मौत पुत्र जख्मी



**बुलंद गोंदिया।** तिरोड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरसी फाटे से बड़ेगांव के बीच ग्राम सातोना मोड पर मार्ग से दोपहिया वाहन से जा रहे सवार पर एक बड़ा पुराना पेड़ गिर गया जिसमें पिता जिवचंद यादोराव बिसेनउम्र 46 वर्ष की मौत हो गई वहीं उसका पुत्र चिराग बिसेन 16 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गौरतलब है की गोंदिया जिले में 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है साथ ही इस दौरान हवा तूफान का जोर भी दिखाई दे रहा है,तेज बारिश के चलते मार्गो के किनारे के कुछ कमजोर पेड़ भरभर कर मार्ग पर गिर गए। इसी के चलते तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ेगांव निवासी ग्राम पंचायत सदस्य जिवचंद यादोराव अपने पुत्र चिराग बिसेन को स्कूल छोड़ने के लिए सुबह 7ः00 बजे के दौरान बड़ेगांव बिरसी फाटा से अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एम 35 एपी 9370 से जा रहा था कि अचानक ग्राम सातोंना के समीप पावर हाउस मार्ग के मोड पर सड़क के किनारे का एक पुराना विशाल पेड़ हवा तूफान की वजह से कमजोर होकर मोटरसाइकिल पर आ गिरा इस भीषण दुर्घटना में पिता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई उसका पुत्र चिराग बिसेन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे उपचार के लिए तिरोडा के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया लेकिन स्थिति चिंताजनक होने से उसे आगे के उपचार के लिए गोंदिया रेफर किया गया। उपरोक्त मामले में तिरोडा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

## एन.एम.डी. महाविद्यालय में आयोजित टीसीएस जॉब फेयर में 23 विद्यार्थियों का चयन गोंदिया



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित नटवरलाल माणिकलाल दलाल महाविद्यालय के कैरियर गाइड्स एवं प्लेसमेंट सेल अंतर्गत टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस नागपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जॉब फेयर में 23 विद्यार्थियों का चयन हुआ। टीसीएस कंपनी के नागपुर संभाग द्वारा गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित नटवरलाल माणिकलाल दलाल महाविद्यालय में जिला स्तरीय जॉब फेयर का आयोजन अध्यक्ष वर्षा पटेल, सचिव राजेंद्र जैन एवं संचालक निखिल जैन के मार्गदर्शन में किया गया। इस जॉब फेयर में नटवरलाल माणिकलाल दलाल महाविद्यालय सहित जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों के 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जॉब फेयर की जिम्मेदारी टीसीएस कंपनी के प्रबंधक अर्पित रहमतकर एवं महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों ने निभाई। जॉब फेयर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन टेस्ट एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए। ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण 23 विद्यार्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले के माध्यम से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में चयनित सभी विद्यार्थियों को गोंदिया शिक्षण संस्थान के मार्गदर्शक प्रफुल्ल पटेल, अध्यक्ष वर्षा पटेल, सचिव राजेंद्र जैन, संचालक निखिल जैन, प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहतुरे ने बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय रोजगार मेले के आयोजन में कॅरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. भावेस जसानी, डॉ. अंबादास बाकरे, डॉ. योगराजसिंह बैस, डॉ. सौरभ चतुले, प्रो. तारेंद्र पटले, डॉ. विराज वेल्टुरकर, प्रो. नरेश भूरे, प्रो. रत्ना विश्वास, टीसीएस कंपनी के अर्पित रहमतकर और स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की।

## संपादकिय...

### ई-कॉमर्स के जरिए आतंकवाद

आतंकवाद पर एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की एक रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान 'शहीद' हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित 'जैश-ए-मुहम्मद' के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। फाट्फ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि 'किसी की आर्थिक मदद के बिना' यह हमला संभव नहीं था। यह हमला 'लश्कर-ए-तैयबा' के मुखौटा संगठन 'टीआरएफ' के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। फाट्फ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट 'पेपाल' ऐप से किया गया था। फाट्फ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। जब यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी और वे पाकिस्तान में ही सक्रिय हैं, तो फाट्फ ने रपट में पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया? फाट्फ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो फाट्फ पाकिस्तान की जांच कर उसे 'ग्रे सूची' में डालने से क्यों हिचक रहा है? 'ग्रे सूची' के बजाय अब पाकिस्तान को 'काली सूची' में डाल दिया जाना चाहिए। फाट्फ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद 'खुला खेल' है। वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। फाट्फ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि अमेजन का इस्तेमाल न केवल सामान खरीदने, बल्कि बेचने के लिए भी किया जा रहा है। आतंकी कम कीमत वाले सामान बेचकर और 'दान' मांग कर फंड जुटा रहे हैं। 'ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम' के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है। फाट्फ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान उठाया और 'साझा बयान' में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेन्टीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व-मत तैयार करने की कोशिश की।

## नवेगांवबांध बस स्टैंड का शौचालय दयनीय यात्रियों को परेशानी ग्रापं की अनदेखी



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय है. लेकिन ग्राम पंचायत ने इसकी उपेक्षा की है. इसके कारण एसटी चालक, वाहक, विशेष रूप से महिला कंडक्टर इससे प्रभावित हो रहे हैं, जबकि महिला यात्री शौचालय की गंदगी से परेशान हो रही हैं. नवेगांवबांध बस स्टैंड पर शौचालय के आसपास गंदगी और कचरा फैला हुआ है. स्थानीय ग्राम पंचायतों को नियमित रूप से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करके शौचालय की नियमित सफाई पर नजर रखने की जरूरत थी. लेकिन ऐसा नहीं करने से यात्री और एसटी निगम के कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं. नवेगांवबांध बस स्टैंड पर केवल एक शौचालय बनाया गया है. शुरू में शौचालय की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को दी गई थी. वह नियमित रूप से इसकी देखभाल करता था. उसके बाद जब उसने यह नौकरी छोड़ दी, तो इस शौचालय की नियमित सफाई का सवाल उठा. ग्रामीणों ने कई बार मांग की है कि ग्राम पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान दे और इस समस्या का समाधान करे. लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया. जिससे ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है.

### आपसी मतभेद का कार्यों पर असर

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान में ग्रापं के पदाधिकारी व सदस्य एक-दूसरे की टांग खिंचाई, एक दूसरे को डांटना, मतभिन्नता की राजनीति करना, गांव के किसी भी विकास पर ध्यान न देना, अपने वार्ड की समस्याओं पर ध्यान न देकर अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करना, वार्ड के नागरिकों के बीच पक्षपात करना, पदाधिकारियों का प्रशासन पर कोई नियंत्रण न होना जैसे काम कर रहे हैं. जिससे गांव में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है.

## अनशन मंडप में पहुंचे सांसद किरसान प्रशासन को संज्ञान लेने के दिए निर्देश



**आमगांव**-आमगांव नगर परिषद कार्यालय के सामने अस्थायी तौर पर काम करने वाली महिला कर्मचारी दुर्गा कटरे को अचानक नौकरी से निकाल दिया गया. अपनी नौकरी को पूर्ववत देने की मांग को लेकर दो मासूम बेटियों के साथ दुर्गा कटरे ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल गत 2 जुलाई 2025 से शुरू कर दी. अनशन को 9 दिन हो गए गए हैं लेकिन क्षेत्रिय भाजपा विधायक संजय पुराम, नगर परिषद मुख्याधिकारी प्रदीप कामड़े कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं. नगर परिषद के परिसर में एक बेसहारा महिला दुर्गा कटरे द्वारा आमरण अनशन करने की खबर सुनते ही गड़चिरोली / चिमुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. नामदेवराव किरसान गड़चिरोली से आए तथा 8 जुलाई को बारिश के चलते अनशन पर बैठी दुर्गा कटरे को भेट देकर समस्या से अवगत होकर प्रशासन से बात करने का आश्वासन दिया. सांसद डॉ. किरसान के साथ गोंदिया जिला कांग्रेस के सचिव इसुलाल भालेकर, प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि संपतलाल सोनी, नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी डहाटे, सुर्यवंशी, अकाउंटेंट गायकवाड़, इंगले आदि कर्मचारी उपस्थित थे

## ग्रा. पंचायत लोहारा में अंतर राष्ट्रीय सहकार वर्ष मनाया योजनाओं की जानकारी से कराया गया अवगत



**सालेकसा**-तहसील के ग्राम पंचायत लोहारा में सहकार से समृद्धि अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सहकार वर्ष 2025 के रूप में नाबार्ड की उपस्थिति में मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति महत्व समझाते हुए की गई. तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया. अध्यक्षता को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष व सरपंच विजयकुमार भोयर ने की. अतिथि नाबार्ड डीडीएम अविनाश अरुण लाड के मार्गदर्शन में सोसायटी के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने के लिए नाबार्ड से हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया गया व चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया. इस अवसर पर रोजगार सेवक वाई.जी. येरणे, पुलिस पाटिल सुरेश चौधरी, केंद्र प्रमुख जयप्रकाश भोयर, संचालक देवराम कोसमे, माधोराम पारधी व अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे. आभार राजेंद्र भोयर ने माना.

## गटर लाइन के गड्ढे में फंसी कार उत्तरी क्षेत्र की सड़कों पर बढ़ा खतरा



**गोंदिया**-गोंदिया शहर की सबसे बड़ी समस्या उभरकर सामने आ रही है तो वह है भूमिगत गटर लाइन योजना। इस योजना में शहरवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। रामनगर के उत्तरी क्षेत्र में भूमिगत गटर लाइन बिछाने का काम चल रहा है जो सड़क के बीचों-बीच से किए जाने से वाहन गढ्ढों में या खोदी गई सड़कों के मलबो में फंस रहे हैं। सिंगलटोली मार्ग पर गटर लाइन के सड़क के एक गढ्ढे में कार फंस गई। यह घटना 8 जुलाई को सामने आई। जिससे कुछ देर तक आवागमन प्रभावित हो गया था। इस क्षेत्र के मार्गो से रात में गुजरना खतरे से कम नहीं है। उत्तरी क्षेत्र में रामनगर, पाल चौक, सिंगलटोली, परमात्मा एक नगर, रेलटोली परिसर आदि क्षेत्रों में भूमिगत गटर लाइन बिछाई जा रही है। पिछले तीन दिनों से जिले में दमदार बारिश होने से सड़कें पगडंडी में तब्दील हो गई है। इस क्षेत्र के मार्गों से गुजरना खतरे से कम नहीं है। नजर हटी, दुर्घटना घटी जैसी स्थिति निर्माण हो गई। सिंगलटोली परिसर में भारी बारिश के कारण पानी के जमाव से कार चालक को गटर लाइन का गढ्ढा नजर नहीं आया और कार गढ़ें में फंस गई। जिससे वाहन चालक को नुकसान तो पहुंचा ही, कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया था। इस तरह की अनेक घटनाएं इस क्षेत्र के सडकों पर घटित हो रही है। अब ऐसी घटनाएं क्षेत्रवासियों के लिए रोजमर्रा की हो गई है। इसके बावजुद भी इस विषय पर न तो कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है ना ही कोई जनप्रतिनिधि बोल रहा है

## तुमसर स्टेशन में रेसुब ने 2 शातिर चोरों को पकड़ा



**तुमसर**-तुमसर रोड जंक्शन के वेटिंग रूम से महिला का पर्स एवं अन्य सामान चुराने वाले 2 शातिर चोरों को तत्काल पकड़कर उनसे चोरी का सामान जब्त किया गया है. सूत्रों के अनुसार तुमसर रोड चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मोहम्मद मुगीसुद्दीन को सूचना मिली कि, रात्रि में एक महिला का हैंड बैग तथा मोबाइल उसकी नींद का फायदा उठाकर स्टेशन के वेटिंग रूम से चोरी हो गया है. इस पर उन्होंने अपनी टीम के प्रधान आरक्षक प्रकाश राशिदाम, आर. सावरकर, राकेश थोते, सुखनंदन केवट तथा गोंदिया के मुस्ताक शेख को घटना की जानकारी दी गई. स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर उन्हें 2 व्यक्ति चोरी करते पाए गए, उसके आधार पर उन्होंने परभणी जिले के पाथरी निवासी आरोपी विलास जाधव (31) एवं सुनील जाधव (31) जो वर्तमान में स्टेशन टोली आंबेडकर वार्ड देवाडी के डोंगरे के घर किराये से रहते हैं. उनको पकड़कर पूछताछ की, तब उनके द्वारा महिला की काले कलर का लेडीज हैंड बैग चुराने की कबूली दी गई. रेसुब द्वारा चोरों के पास से मोबाइल पोको कंपनी सी-50 मूल्य 10,000 रुपये एवं अन्य सामान हस्तगत किया गया. उन पर उचित कानूनी कार्रवाई के लिए जी.आर. पी. गोंदिया को सुपुर्द किया गया. आरोपी पर मामला दर्ज किया गया. वर्तमान में मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मे रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों को उनके सामान, मोबाइल की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने मादक पदार्थों अवैध तस्करी करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है.

## धान खरीदी का लक्ष्य 20 लाख क्विं. बढ़ा अब 20 तक होगी धान की खरीदी



**गोंदिया**-गोंदिया और भंडारा जिलों में किसानों का लक्ष्य पूरा न होने के कारण धान खरीदी ठप होने की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने वाले अर्जुनी मोरगांव विधानसभा के विधायक और पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार बडोले की मांग सफल हुई है. महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र 2025 में उठाए गए औचित्य के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार ने धान खरीदी लक्ष्य में 20 लाख क्विंटल की वृद्धि करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इसके साथ ही आदेश में तत्काल धान खरीदी शुरू करने का उल्लेख किया गया है. खरीदी 20 जुलाई, 2025 तक जारी रहेगी. बडोले ने 2 जुलाई 2025 को विधानसभा में गोंदिया और भंडारा जिले के किसानों की समस्याओं को उठाया था. इस वर्ष जब बड़ी मात्रा में ग्रीष्मकालीन धान का उत्पादन हुआ, तो खरीद प्रक्रिया में आंशिक रोक के कारण किसानों के पास धान बचा हुआ था. इससे किसानों को धान खराब होने और आर्थिक परेशानी का डर सता रहा था. उन्होंने धान खरीद की सीमा बढ़ाने की मांग की थी. किसानों की मांग पूरी हुई. बडोले द्वारा उठाए गए इस गंभीर मुद्दे पर सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है. किसानों के हित में धान खरीद लक्ष्य में 20 लाख क्विंटल की वृद्धि की गई है. इस निर्णय से गोंदिया और भंडारा जिले के किसानों को अपना धान बेचने का अवसर मिलेगा और आर्थिक परेशानी कम करने में मदद मिलेगी. गोंदिया और भंडारा धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध जिले हैं और यहां के किसानों की आय मुख्य रूप से धान की फसल पर निर्भर करती है. धान खरीद की सीमा बढ़ाने के फैसले से किसानों को बड़ी राहत मिली है. बडोले ने कहा कि यह - फैसला किसानों के हित में है. इससे किसानों को बुआई के मौसम में स्थिरता मिलेगी.

## नवेगांवबांध पर्यटन स्थल का जिलाधिकारी ने उठाया आनंद



**नवेगावबांध** -यहां के पर्यटन संकुल और संजय कुटी एमटीडीसी प्रकल्प का जिलाधिकारी तथा जिला पर्यटन समिति के अध्यक्ष प्रजीत नायर ने 4 जुलाई को दो घंटे का विशेष दौरा कर गहन निरीक्षण किया। इस दौरे की विशेष बात यह रही कि उन्होंने पूरे परिसर में पैदल घूमकर प्रकृति पगडंडियों का अनुभव लिया। पक्षियों की आवाजें सुनीं, फोटो अपने मोबाइल में कैद किए और पर्यावरण से सीधा संवाद किया। स्वयं तालाब में उतरकर तैराकी की इच्छा नवेगावबांध के समृद्ध जलाशय को देखकर जिलाधिकारी नायर ने इस जलाशय में तैरने की इच्छा व्यक्त करते हुए पर्यटकों के लिए जलक्रीड़ा के अवसर कैसे उपलब्ध हों इस पर जोर दिया। समेकित पर्यटन विकास आराखड़े का पर्यटन स्थलों का जिलाधिकारी नायर द्वारा निरीक्षण विकास के लिए विशेष डीपीआर का प्रस्ताव इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, नवेगावबांध, ईटीयाडोह बांध और प्रतापगढ़ इन तीन प्रमुख पर्यटन स्थलों का समावेश कर एकीकृत विकास रूपरेखा तैयार की गई। यदि महाराष्ट्र सरकार से मंजूरी मिलती है, तो पूरे क्षेत्र का भव्य पर्यटन विकास किया जा सकेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने स्थानीय अधिकारियों को विशेष पहल करने का आह्वान किया। इको-टूरिज्म पर जोर, छोटी बातों पर ध्यान दौरे में उपस्थित पर्यटन कार्यकर्ता सुनील तरोणे नवेगावबांध पर्यटन को नई दिशा देने वाला यह दौरा, स्थानीय विकास और रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा। शासन से मंजूरी मिलने पर पूरा क्षेत्र महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र बनेगा, इसके लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यक सहायता शासन द्वारा की जाएगी। दौरे में अर्जुनी मोरगांव के उपविभागीय अधिकारी वरुणकुमार शहारे, तहसीलदार अनिरूध्द कांबले, जलसंपदा विभाग के समीर बन्सोडे, मंडल अधिकारी वाघदरे, ग्राम महसूल अधिकारी भगवान नंदागवली, नवेगांवबांध फाउंडेशन के सचिव रामदार बोरकर, अध्यक्ष विजय डोये, मराठा सेवा संघ के अध्यक्ष व पर्यटन प्रेमी सुनील तरोणे, वन्यजीव विभाग के अधिकारी पारधी उपस्थित थे।

## पहली ही भारी बारिश में उखड़ गई नई सड़कें सांसद पड़ोले ने किया टूटी सड़कों का निरीक्षण



**भंडारा**-शहर में महज चालीस दिनों पहले बनी सड़कें पहली ही बारिश में उखड़ गई. सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर सड़क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए. नगर परिषद और सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा एक माह पूर्व किए गए सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. शास्त्री चौक से टाकली, आंबेडकर वार्ड, चांदनी चौक, महात्मा फुले मार्केट से अशोका होटल रोड, डॉ. चोले अस्पताल के सामने और नागपुर नाका से राजीव गांधी चौक तक सड़कों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं. हनुमान नगर, तकिया वार्ड, म्हाडा कॉलोनी और रुख्मिणी नगर की स्थिति भी बेहद खराब है. सांसद पडोले ने कहा कि नगर परिषद सीईओ और PWD अधिकारियों द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है. उन्होंने मांग की कि संबंधित ठेकेदार के काम की जांच कर कार्रवाई की जाए. ठेकेदार द्वारा निकृष्ट स्तर की सड़कों का निर्माण केवल भंडारा में ही नहीं, बल्कि तिरोड़ा और गोंदिया में भी चर्चा का विषय बन चुका है. सांसद ने जिलाधिकारी, नगर परिषद सीईओ और PWD अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द जांच कर जनहित में उचित कदम उठाएं.

## डुग्गीपार पुलिस ने की कार्रवाई, चोरी की राशि की बरामद आंध्रप्रदेश के गिरोह को पकड़ा



**सड़क अर्जुनी**-सड़क अर्जुनी तहसील में मोटरसाइकिल व चौपहिया वाहन से नकद उड़ाने वाले आंध्र प्रदेश के गिरोह को डुग्गीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों का नाम आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के बिरगुंटा निवासी रोडादासु रोडाबाबू दास (34) व प्रवीणकुमार मेकाला दास (25) बताया गया है. जानकारी के अनुसार, रेंगेपार दल्ली निवासी फिर्यादी अरविंद नारायण डोंगरवार (40) की मोटरसाइकिल सड़क अर्जुनी स्थित मुंगुलमारे पंप पर रखी थी. इस दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल की डिक्की से 20 हजार रु. नकद उड़ा लिए. साथ ही गोंदिया निवासी फिर्यादी धनराज देबीलाल रहांगडाले चौपहिया वाहन तहसील कार्यालय सड़क अर्जुनी में रखी थी. जहां से अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन का कांच फोड़कर बैग से 60 हजार रु. नकद चुरा लिए. फिर्यादी की शिकायत पर डुग्गीपार पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की. इस दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के नेल्लारे जिले के बिरगुंटा निवासी आरोपी रोडादासू दास व प्रवीणकुमार दास को यवतमाल से गिरफ्तार किया गया. उनके पास से चोरी की राशि बरामद की गई. जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्रेमकुमार शेलके कर रहे हैं. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक गणेश वनारे, पुलिस उपनिरीक्षक शेलके, हवलदार आशीष अग्निहोत्री, पुलिस नायक महेंद्र सोनवाने, संजीव चकोले, निखिल मेश्राम ने की.

## दुकान से 31,000 की सामग्री चोरी

**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत सातगांव निवासी फिर्यादी अमृत यादवराव पटले (38) की साखरीटोला के कवड़ी चौक में पटले मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स दुकान है. जिसका अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर 10 रु. कीमत का लैपटॉप, 9 हजार रु. कीमत का प्रिंटर व नकद 12 हजार रु. ऐसे कुल 31 हजार रु. का माल चुरा लिया.

# विधायक ने नप को 8 दिन का दिया अल्टीमेटम
## गटर लाइन की खुदाई से लोग हो रहे परेशान



**तिरोड़ा**-शहर में सभी ओर की मकान मालिकों के मकानों का पानी गटर पाइप लाइन से पानी निकासी के लिए 125 करोड़ रु. की योजना मंजूर की गई है. जिसका कार्य 4 माह पूर्व प्रारंभ हुआ. रास्ता कुछ जगह पर 6 फिट गहराई तक खोदा गया है. इससे अंदर की मिट्टी बाहर आ गई. रास्ते को बीच से पाइप लाइन डालने के लिए खोदकर कुछ दूरी पर चेंबर भी बनाए गए. बरसात प्रारंभ होने से रास्ते पर की मिट्टी में कीचड़ होने लगा है. जिसे आम नागरिक पैदल से लेकर दौपहिया, चौपहिया तक फिसलकर गिरने लगे. इस समस्या को लेकर शहरवासियों ने नप पर शांति प्रिय शुक्रवार को मोर्चा निकाला था. जिसकी सूचना विधायक विजय रहांगडाले को दी थी. जिस पर तुरंत संज्ञान में लेकर विधायक विजय रहांगडाले ने नप में सभा ली. जिसमें कॉन्ट्रक्टर, मुख्याधिकारी अमित मालकर, स्वास्थ्य विभाग अभियंता सचिन मेश्राम, निर्माण अभियंता अखिलेश सोनटक्के, शहर रचनाकार भावेश सदाफल व संपूर्ण नप के कर्मचारियों की उपस्थित व शहरवासियों की उपस्थित में कॉन्ट्रक्टर व नप के मुख्याधिकारी को विधायक ने आदेश दिया कि खोदी हुई नाली पर बारिक 20 एमएम गिट्टी डालकर रोड रोलर से दबाया जाए, यह कार्य 8 दिन के भीतर पूर्ण किया जाए. जिसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट अगले रविवार को रखी जाएगी. अन्यथा हमें आंदोलन पर उतरना पड़ेगा. यह कार्य नप अपनी जिम्मेदारी समझ कर करें. इन दुर्घटना में किसी व्यक्ति को आघात हुआ, गाड़ियों का नुकसान हुआ तो सारा मुआवजा नप को भरकर देना पड़ेगा, ऐसी हिदायत दी गई.

### अतिशीघ्र कार्यवाही करने का आदेश

इस अवसर पर उपस्थितों ने पुराने अस्पताल की जगह पर डाले जाने वाले कचरे से हो रही परेशानी, शहर के रास्तो पर स्ट्रीट लाइट बंद रहने से हो रही परेशानी, भूतनाथ मंदिर से लोधीटोला तक स्ट्रीट लाइट के अधिकांश पोलपर लाइट बंद है. रानी अवंतीबाई वार्ड में पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली बुझाए जाने से नागरिकों को हो रही परेशानी पर मुख्याधिकारी को अतिशीघ्र कार्यवाही करने का आदेश दिया. इस अवसर पर अशोक असाटी, नरेश कुंभारे, स्वानंद पारधी, दिपेश भेलावे, शितल तिवडे, पंस सदस्य डा. चेतलाल भगत, पूर्व सभापति हुपराज जमईवार, नितीन पराते, अमोल तितीरमारे, राजेश गौतम, बादल हिरापुरे, नितीन पारधी सहित नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे.

## ट्रेन के पहियों से उठा धुआं
### मैकेनिकल विभाग की तत्परता से टली अनहोनी



**गोंदिया**-आजाद हिंद ट्रेन 12130 के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा. जैसे ही यात्रियों ने इस पर ध्यान दिया तो हड़कंप मच गया. वहीं, गंगाझरी रेलवे स्टेशन नजदीक होने के कारण यंत्रणा भी अलर्ट हो गई. ट्रेन की जांच की गई तो पता चला कि ब्रेक लाइन खिसकने के कारण धुआं निकल रहा था. इसके कारण कुछ देर के लिए रोकी गई यात्रा फिर से शुरू हुई. ट्रेन यह प्लेटफॉर्म क्र. 3 से नागपुर के लिए रवाना हुई. 15 किमी के सफर के दौरान चलती ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता दिखाई दिया. यह बात कुछ यात्रियों के के संज्ञान में आई. धुआं बढ़ता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया. यात्रियों द्वारा इसकी सूचना रेलवे गार्ड व पायलट को दी गई. सुरक्षा की दृष्टि से कुछ दूरी पर स्थित गंगाझरी रेलवे स्टेशन को इसकी सूचना दी गई और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए. ट्रेन के पहुंचते ही रेलवे प्रशासन स्टेशन पर तैयार हो गया. वहीं, रेलवे प्रशासन ने धुआं छोड़ रहे कोचों की जांच भी शुरू कर दी, मैकेनिकल विभाग के माध्यम से समस्या का तत्काल समाधान किया गया. इसके बाद आज़ाद हिंद एक्सप्रेस की आगे की यात्रा सुचारू हो गई.

## भारी बारिश से फसलें डूबी, घर में घुसा पानी
### बारिश ने मचाई तबाही, किसानों को नुकसान

**सिहोरा**-क्षेत्र में सोमवार को हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया. दिनभर जारी भारी वर्षा से खेत-खलिहान जलमग्न हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है. बिनाखी निवासी अमृता प्रल्हाद गौतम की प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के अंतर्गत बनी बायोफ्लॉक पेनलाइनर यूनिट तेज बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई. पानी के बहाव में मछलियां बहकर चली गईं, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. अमृता गौतम ने इस आपदा के मद्देनजर सरकार से मुआवजे की मांग की है. इसी प्रकार, वारपिंडकेपार गांव में राधेलाल पटले के घर में बारिश का पानी भर जाने से गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है. वहीं, कई किसानों की ओर से धान की बोई गई बुआई बारिश में बह गई, जिससे उनकी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई. किसान अब सरकार से नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं. बारिश के कारण सिहोरा क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गए हैं और कई मार्ग जलमग्न होकर बंद हो चुके हैं. प्रशासन ने की राहत कार्यों की समीक्षा यह इस वर्ष की पहली बड़ी बारिश है, जिसने क्षेत्र में जलस्तर को काफी बढ़ा दिया है. सिहोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेमनी की पुलिया पर कचरा जमा होने से पानी रुक गया था.

# योनो ऐप खोलने के बहाने लूटी पर्सनल जानकारी
## क्लर्क से 7 लाख की ONLINE धोखाधड़ी



**गोंदिया**-रेलवे विभाग में जूनियर क्लर्क को ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर 7 लाख रु. ठगने की चौंकाने वाली घटना गुरुवार को सामने आई. सोशल मीडिया पर शुरू हुए इस साइबर अपराध ने एक बार फिर नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं. डब्लिंग कॉलोनी, सिविल लाइन निवासी अनुराग विश्वनाथ गोसेवाडे (38) रेलवे विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं. गुरुवार को दोपहर 2 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया और सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह अभिषेक शर्मा है. उसने अनुराग का विश्वास हासिल करते हुए कहा, आपके नाम पर लोन स्वीकृत हो गया है. आपको बस एक ऐप डाउनलोड करना है और अकाउंट एक्टिवेट करना है इसके बाद उसने वाट्सएप पर लोन सैंक्शन फाइल भेजकर उनकी सारी पर्सनल और बैंक डिटेल हासिल कर ली. इतना ही नहीं, आरोपी ने अनुराग के अकाउंट से कुल 7 लाख रु. निकाल लिए. कुछ देर बाद जब अनुराग को पता चला कि उसके खाते से पैसे कट गए हैं तो वह शहर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई. उसकी शिकायत के आधार पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में जांच शुरू है.

### पत्नी के खाते में 90 हजार भेजा

आरोपी का फोन रखने के बाद अनुराग ने आए एसएमएस को चेक किया तो पता चला कि उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 7 लाख रु. का पर्सनल लोन स्वीकृत हो गया है. कॉल चल ही रही थी कि अनुराग को अहसास हुआ कि उसके खाते से 1 लाख 60 हजार रु., 1 लाख 90 हजार रु. और 1 लाख 50 हजार रु. कुल 5 लाख रु. अलग-अलग खातों में और 50 हजार रु. अलग खाते में ट्रांसफर कर ठगी की जा रही है. समय रहते वह जागा और बची हुई रकम में से 90 हजार रु. पत्नी को भेज दिए और 1930 पर कॉल कर साइबर सेल में शिकायत की. उसमें से 61 हजार रु. होल्ड करवाए हुए हैं.

### फेसबुक के जरिए बनी पहचान

अनुराग गुरुवार को मोबाइल पर फेसबुक अकाउंट चला रहे था. इसी दौरान उसे फेसबुक पर योनो ऐप के लिए अकाउंट खोलने के लिए एक मोबाइल नंबर दिखा. इसमें लिखा था, इस नंबर पर कॉल करें अनुराग ने उसे कॉल करके बताया कि उसका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अकाउंट है, इसलिए वे अपने मोबाइल पर योनो ऐप खोलना चाहते हैं, इसलिए उसने कॉल किया और ठगी का शिकार हो गया.

## नाबालिग लड़की की रहस्यमय मृत्यु

**भंडारा**-जिले में एक नाबालिग की संदिग्ध मृत्यु का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान साकोली तहसील के निलज निवासी और वर्तमान में लाखनी तहसील के मुरमाडी (तुप) स्थित अर्पिता हिवराज सोनवाने (15) के रूप में हुई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार अर्पिता को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए स्पर्श हॉस्पिटल, भंडारा में लाया गया. चिकित्सकों ने जांच के बाद किशोरी को मृत घोषित किया. इसके बाद अस्पताल से डॉक्टरी डेथ मेमो पुलिस को सौंपा गया. मेमो के आधार पर भंडारा पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया. आगे की जांच के लिए संपूर्ण जानकारी और कागदपत्र पालांदुर पुलिस को प्रेषित किए गए हैं. इस मामले की आगे की जांच पुलिस कर्मी रोंडे कर रहे हैं. पुलिस इस मौत के कारणों की गंभीरता से जांच कर रही है.

# सड़क किनारे चावल से लदा ट्रक पलटा



**भंडारा**-भंडारा-तुमसर मार्ग पर वरठी स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप 6 जुलाई को सड़क हादसा हुआ. चावल से लदा एक ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया. सौभाग्यवश इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना के चलते मार्ग पर भारी यातायात जाम लग गया था. उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर पूर्व में भी कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. एक पूर्ववर्ती हादसे में एक मासूम बच्ची की जान चली गई थी. यह घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि इस मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है और यहां हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है. स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस मार्ग की मरम्मत के लिए शासन से कई बार मांग की गई है.

## धूम्रपान व गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी
### अनुशासन के प्रति रेलवे सख्त



**गोंदिया**-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्य निरीक्षकों, टिकट जांच कर्मियों व रेल सुरक्षा बल के सहयोग से निरंतर विशेष जांच अभियान चलाए जा रहे हैं. इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखना, यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करना तथा धूम्रपान जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है. रेल परिसरों में धूम्रपान न करें अप्रैल से जून 2025 की अवधि के दौरान चलाए गए इन अभियानों के तहत धूम्रपान के 208 मामलों में 41,600 रु. तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने के2210 मामलों में 2,28,000 रु. का जुर्माना वसूला गया. तुलना करें तो वर्ष 2024 की इसी अवधि में धूम्रपान के 138 और गंदगी फैलाने के 1089 मामले दर्ज किए गए थे. यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि नियमों की अनदेखी करने वाले यात्रियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है. रेलवे प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे रेल परिसरों व ट्रेनों में धूम्रपान न करें, स्वच्छता बनाए रखें और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं. नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाएगी

# अग्रवाल ग्लोबल कंपनी के काम पर उठे सवाल
## कार्रवाई की मांग पहली बरसात में ही NH धंसा



**गोंदिया**-राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 6 पर देवरी से कुछ दूरी पर मासुलकसा घाट के पास छह महीने पहले बनी नई सड़क मंगलवार को पहली बारिश में ही धंस गई. इससे इस सड़क का निर्माण कर रही अग्रवाल ग्लोबल कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है. नागरिकों ने इस निर्माण की जांच कर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. देवरी से साकोली तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर वन्यजीव क्षेत्र से गुजरने वाले राजमार्ग पर चार पुलों के निर्माण का ठेका अग्रवाल ग्लोबल कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी के काम पर शुरू से ही सवालिया निशान लग रहे थे. इससे पहले शशिकरण पुल पर सड़क धंस गई थी. उस समय भी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी. देवरी से 6 किलोमीटर दूर मासुलकसा घाट पर पहाड़ी तोड़कर सड़क का निर्माण किया गया था.

### 6 महीने पहले ही यातायात के लिए खोली मार्ग

दोनों तरफ पहाड़ियां हैं और बीच से चार लेन की सड़क बनाई गई थी. यह सड़क छह महीने पहले यातायात के लिए खोली गई थी. लेकिन मंगलवार को पहली ही बारिश में यह सड़क धंस गई और इस सड़क पर जगह-जगह दरारें पड़ गई है, जिससे यह यातायात के लिए खतरनाक हो गई है. इसके चलते यातायात को दूसरी सड़क पर डायवर्ट कर दिया गया है. सड़क के किनारे की पहाड़ियां भी ढह गई हैं और पहाड़ी से पत्थर सड़क पर गिर रहे हैं. नवनिर्मित सड़क के धंसने से इस सड़क के निर्माण पर सवाल उठ रहे हैं. नागरिकों की दिलचस्पी इस बात को लेकर है कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेगा.

# मोबाइल चोरी पर कसा शिकंजा
## गोरेगांव साप्ताहिक बाजार में पुलिस की तैनाती, 70 मोबाइल किए बरामद



**गोरेगांव**-गोरेगांव साप्ताहिक बाजार पिछले कुछ हफ्तों से कड़ी पुलिस सुरक्षा के भरने लगा है. गोरेगांव पुलिस द्वारा मोबाइल चोरियों पर लगाम कसने के लिए उठाया गया सराहनीय कदम है, ऐसे में बाजार में मोबाइल चोरी जैसे मामले काफी मात्रा में कम हुए हैं. इस बीच थानेदार रामेश्वर पिपरेवार ने बताया कि बीते 101 मोबाइल चोरियों के मामलों में गोरेगांव पुलिस ने 70 के करीब मोबाइल बरामद किया है. जिसमें अधिकतर मोबाइल मालिकों को वापस किए गए हैं. जानकारी के अनुसार गोरेगांव साप्ताहिक बाजार में पिछले अनेक वर्षों से मोबाइल चोरी के मामले घटते आ रहे हैं. उल्लेखनीय है कि गोरेगांव पुलिस थाने में सैकड़ों मोबाइल फोन चोरी के मामले दर्ज होने के बाद भी पुलिस विभाग द्वारा कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. लेकिन तत्कालीन थानेदार रामेश्वर पिपरेवार द्वारा कमान संभालते ही इन दिनों साप्ताहिक बाजार में पुलिस की तैनाती नजर आ रही है. यहां प्रत्येक शनिवार साप्ताहिक बाजार में 6 के करीब पुलिस कर्मी हमेशा तैनात रहते हैं. जिसके दो पुलिस कर्मी सिविल ड्रेस पर तैनात रहते हैं. इन सभी पुलिस कर्मियों की नजर साप्ताहिक बाजार कि हलचल पर लगी रहती है. जिसके कारण पिछले कुछ हफ्तों से साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी के मामले काफी मात्रा में कम हो गए है

## बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित एकल महिला समिति का सराहनीय प्रयास



**सड़क अर्जुनी**-तहसील में एकल महिलाओं के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई. गोंदिया जिले में 23 जून को स्कूल खुल गए. कोरोना के कारण एकल महिलाओं और अन्य एकल महिलाओं को शिक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और आर्थिक तंगी मंडरा रही है. तहसील समन्वयक अनिल मेश्राम, एकल महिला समिति सड़क अर्जुनी पिछले पांच वर्षों से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो. राज्य में एकल महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हेरंब कुलकर्णी के मार्गदर्शन में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में एकल महिलाओं के बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई. अनिल मेश्राम ने सड़क अर्जुनी तहसील में एकल महिलाओं के बच्चों का चयन किया और उन्हें शैक्षणिक सामग्री भेंट की. तहसील के खड़की बाम्हनी, सौंदड़, कोहलीटोला आदर्श, डोंगरगांव ख., पांढरी, वडेगांव, घाटबोरी तेली, राका, परसोडी सड़क, बोपाबोडी आदि गांवों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री दान की गई. इसके लिए भगवान नंदागवली, मधुसूदन दोनोडे, रोहित खोब्रागडे ने मदद की.

# गोरेगांव वन क्षेत्र में भालू की दहशत
## वन विभाग की टीम लगा रही लगातार गस्त

**गोंदिया**-गोरेगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत कन्हारटोला-पिंडकेपार मार्ग पर पिछले तीन दिनों से भालू विचरण कर रहा है. जिस से इस मार्ग से आवागमन करने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ ही ग्रामीण भी डर रहे है. अनुचित घटना से बचने के लिए गोरेगांव वन विभाग की टीम इस मार्ग पर गस्त लगाकर भालू पर नजर रख रही है. ग्रामीणों ने मांग की है कि भालू को पकड़कर अन्य जंगल क्षेत्र में छोड़कर उपरोक्त समस्या को हल किया जाए. उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिन पूर्व ही इसी क्षेत्र में जानाटोला हाईवे से सटे खेत में स्थित एक पेड़ पर भालू चढ़ गया था. मार्ग से कन्हारटोला व पिंडकेपार ग्राम के विद्यार्थी शिक्षा का पाठ पढ़ने पिंडकेपार, गोरेगांव व कन्हारटोला जाते हैं. लेकिन मार्ग पर भालू को देखते ही वे डर जाते हैं और घर की ओर लौट जाते हैं. गोरेगांव वन विभाग की टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल पिछले तीन दिनों से कर रही है लेकिन भालू पकड़ में नहीं आ रहा है. ग्रामीणों ने मांग की है की उसे पकड़कर अन्य सुरक्षित जंगल में छोड़कर उपरोक्त समस्या को हल किया जाए. ग्रामीणों का कहना है की पिंडकेपार-कन्हारटोला-भडंगा मार्ग असुरक्षित है. इस मार्ग से हमेशा हिंसक वन्यजीव विचरण करते हुए पाए जाते हैं. इतना ही नहीं तो इसी मार्ग परिसर में एक नाबालिग छात्र के साथ एक आरोपी द्वारा जोर जबरदस्ती करने का प्रयास भी किया गया था. हालांकि आरोपी को गिरफ्तार तो कर लिया है लेकिन ग्रामीणों की मांग है की सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग से एसटी बस सेवा शुरू की जाए ताकि इस मार्ग से आवागमन करने वाले सुरक्षित रह सके.

# ककोड़ी-चिचगढ़ मार्ग का पुल बहा
## सड़क पर यातायात बंद

**गोंदिया**-देवरी तहसील के ककोड़ी-चिचगढ़ मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है. क्योंकि इस मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य मानसून से पहले पूरा नहीं हो पाया था, इसलिए एक वैकल्पिक पुल बनाया गया था. लेकिन 9 जुलाई की सुबह ककोड़ी गांव के पास ककोड़ी-चिचगढ़ मार्ग पर बना वैकल्पिक पुल पानी में बह गया. इसके कारण ककोड़ी-चिचगढ़ मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. ककोड़ी से चिचगढ़ मार्ग पर एक नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा है. देवरी तहसील में ककोड़ी के पास चिचगढ़ जाने वाली सड़क पर बने पुल को हटा दिया गया है और इस स्थान पर एक नया पुल बनाने का कार्य चल रहा है. क्योंकि इस पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ था, इसलिए इस स्थान पर मिट्टी और बजरी भरकर एक वैकल्पिक पुल बनाया गया है. लेकिन, तीन दिनों की भारी बारिश के कारण, ककोड़ी के पास चिचगढ़ जाने वाला वैकल्पिक पुल बह गया. कोई वैकल्पिक रास्ता न होने के कारण ककोड़ी से चिचगढ़ जाने वाला रास्ता अब बंद हो गया है. वैकल्पिक पुल बनने के बाद ही यह रास्ता चिचगढ़ जाने के लिए तैयार हो पाएगा. लेकिन, तब तक वाहन मालिकों को देरी होनी तय है.

# सिटी सर्वे कार्य की हर सप्ताह पेश करें रिपोर्ट- विधायक विनोद अग्रवाल



**बुलंद गोंदिया।** चार साल पूर्व से मंजूर नगर भूमापन (सिटी सर्वे) के मंद गति से चल रहे कार्य पर विधायक विनोद अग्रवाल ने नाराजगी जताते हुए इस कार्य को तीव्र गति देने के कड़े निर्देश दिए है। गोंदिया के उपविभागीय अधिकारी कार्यालय में नगर भूमापन एवं शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक ली गई। बैठक में एसडीओ चंद्रभान खंडाईत, उप अधीक्षक भूमि अभिलेख अजय शिरसागर, अपर तहसीलदार व मुख्याधिकारी श्रीकांत कांबड़े, तहसीलदार शमशेर पठान, सुनील केलनका, ऋषिकांत साहू, विवेक मिश्रा, जितेश टेंभरे, लीमेंद्र बिसेन, नुरुनाथ दिहारी, नगर रचना विभाग के श्री तुरकर, विश्वजीत मेश्राम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

विधायक विनोद अग्रवाल ने इस बैठक में शहरीकरण को लेकर, किये जा रहे नगर भूमापन (सिटी सर्वे) के कार्य की समीक्षा की। सिटी सर्वे कार्य हेतु पुनर्मोजनी, ड्रोन सर्वे, स्पॉट सर्वे के साथ ही शहरी सीमा हद से सटे 7 गाँव फुलचुर, कटंगी, कुड़वा, मुर्री, पिंडकेपार, गोंदिया खुर्द और गोंदिया बुजु में कितना कार्य किया गया इसकी जानकारी ली। संज्ञान में आया कि सिटी सर्वे एवं पुनर्मोजनी कार्य मंद गति से किया जा रहा है, इस पर विधायक विनोद अग्रवाल ने नाराजगी व्यक्त कर इस कार्य को तेजगति देने के निर्देश दिए। सर्वे में टीम को बढाने , मेप फाइनल करने के कार्य को गति देने और सप्ताह में 200 प्रॉपर्टी के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वो प्रत्येक हफ्ते इस कार्य की बैठक लेकर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

8 दिन में दूकान/कमरें नीलामी का निर्देश

विधायक विनोद अग्रवाल ने नगर परिषद द्वारा बनाएं गए संकुलों के वर्षो से बंद पड़े कमरों/गालों की नीलामी न करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, नगर पालिका का ध्यान आमदनी पर नही है, रखरखाव पर नही है। दुकान खाली पड़ी है पर किस वजह से नही दी जा रही समझ से परे है। उन्होंने कड़े निर्देश देकर इनका लीलाव 8 दिन में कर सूचित करने की जानकारी दी।

### सफाई पर ध्यान केंद्रित करें घँटा गाड़ी ख़रीदी करें

विधायक अग्रवाल ने मार्केट एरिया में, मटन मार्केट परिसर में फेंके जा रहे वेस्ट मटेरियल और कूड़ा कचरा न उठाने पर गंभीर संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कूड़ा कचरा अगर दुकानदार स्वयं अव्यवस्थित रूप से फेकेंगा तो इसका असर पूरे परिसर में दिखाई देगा। मटन और मछली मॉर्केट परिसर में मांसाहार वेस्ट मटेरियल को यहाँ वहां फेकने से परिसर में दुर्गंध फैल रही है। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। मटन, मछली मार्केट में साफ सफाई का ध्यान रखते हुए एक कचरा गाड़ी खड़ा रखने और वेस्ट मटेरियल उसी में फेकने के दुकानदारों को आदेश देने हेतु सूचित किया। इसके साथ ही बाजार परिसर कचरा संकलन हेतु 10 नई घंटा गाड़ी खरीदने की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए।

# मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में 'मकोका' के तहत कार्रवाई करने के लिए कानून में संशोधन-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**बुलंद गोंदिया।( मुंबई )**- 'एनडीपीएस' के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों द्वारा जमानत मिलने के बाद दोबारा अपराध करने की बात साबित होने पर, उनके खिलाफ संगठित अपराध के तहत 'मकोका' के तहत कार्रवाई करने के लिए इसी सत्र में कानून में संशोधन किया जाएगा, यह जानकारी विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी। विधान परिषद के सदस्य डॉ. परिणय फुके और एकनाथ खडसे ने मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में प्रश्न पूछा था, जिसका मुख्यमंत्री ने उत्तर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के हर पुलिस थाने में अलग से एनडीपीएस इकाई स्थापित की गई है और उसमें अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर समन्वय समितियां भी गठित की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो-ढाई वर्षों में इस संबंध में बड़ी मात्रा में कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से अब राज्य स्तरीय और अंतरराज्यीय समन्वय और अधिक प्रभावी हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी राज्यों में खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान हो रहा है और इसी के कारण तस्करों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई संभव हो पाई है। नशा मुक्ति के लिए केंद्र महत्वपूर्ण हैं और वर्तमान में इनकी संख्या बढ़ाने के लिए उपयुक्त नीति बनाई जाएगी तथा गुणवत्तापूर्ण नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में भांग की खेती प्रतिबंधित है और यह कानूनी नहीं है। उन्होंने कहा कि भांग, गुटखा या इसी तरह के अन्य पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ के गिरने से 1 युवक घायल, मलपुरी फाटे के पास की घटना



**तिरोड़ा**-पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते तिरोड़ा-मेंढ़ा-गोरेगांव मुख्य मार्ग पर मलपुरी फाटे के पास अचानक पेड़ गिरने से विहीरगांव निवासी प्रशांत संजय वाघमारे (23) गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल अवस्था में उसे तुरंत आधार अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसीफाटा परिसर के विहीरगांव निवासी प्रशांत वाघमारे 9 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे बाइक से बिरसीफाटा होते हुए किसी निजी काम से मेंढ़ा ग्राम की ओर जा रहा था. मलपुरी फाटे के करीब पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ा पेड़ अचानक चलती बाइक पर गिरने से प्रशांत वाघमारे गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने तुरंत घायल प्रशांत को तिरोड़ा के आधार अस्पताल पहुंचाया व जेसीबी की मदद से पेड़ हटवाकर मार्ग को साफ किया. इस राहत कार्य में पंचायत समिति सदस्य जे.पी. पटले, लाखेगांव के सरपंच भास्कर जुनेवार, बिरसी के सरपंच नंदकिशोर शरणागत, पुलिस पाटिल युवराज बारेवार, गुड्डू रहांगडाले, गोविंद बिसेन, अन्ना नेरलेवार, नितेश बिंझाडे, देवानंद पाटिल सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा. उल्लेखनीय है कि बिरसीफाटा परिसर में तीन दिन के भीतर ही यह दूसरी घटना है. सोमवार को सातोना ग्राम के पास पेड़ गिरने से पिता की मौत व बेटा घायल हो गए थे.

# नए स्वास्थ्य उपकेंद्र इमारत का उद्घाटन



**गोरेगांव**-तहसील के तुमसर में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र के अत्याधुनिक इमारत का उद्घाटन विधायक राजकुमार बडोले के हाथों किया गया. अध्यक्षता जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने की.

अतिथि के रुप में जिप उपाध्यक्ष व स्वास्थ्य शिक्षा सभापति सुरेश हर्षे, वित्त व निर्माण सभापति डॉ. लक्ष्मण भगत, पंस सभापति चित्रलेखा चौधरी, पंस उपसभापति रामेश्वर महारवाडे, सरपंच योगिता देशमुख, विजय शहारे, सुरेंद्र रहांगडाले, कुंडलिक साखरे, डॉ. यामेश्वरी भगत, डॉ. प्रितम डहाके उपस्थित थे.

इस नए स्वास्थ्य उपकेंद्र के बनने से क्षेत्र के नागरिकों को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता मिलेगी. उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला यह केंद्र आमजन के लिए वरदान साबित होगा.

# ट्रक ने बिजली के पोल को मारी टक्कर



**मोहाडी**-तहसील के देवाडा खुर्द गांव के पास स्थित राजेश पटले के फर्नीचर दुकान के सामने सुबह 6.30 बजे एक कोयला से भरे ट्रक (क्र.एमएच-40 सीटी 8932) ने बिजली विभाग के चार खंभों को जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना की जानकारी मिलने पर ट्रक को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई, लेकिन दुर्भाग्यवश क्रेन (क्र.एमएच-40 सीक्यू 4565) भी पलट गई, जिससे क्रेन चालक महेंद्र मेश्राम घायल हो गया. बारिश और खराब सड़कों के चलते मार्ग पूरी तरह जाम हो गया, दो-तीन किमी तक वाहनों की कतारें लग गईं. एसटी बस भी कीचड़ में फंस गई. तीन घंटे की मेहनत के बाद थानेदार गोरक्षनाथ नागलोत व पीएसआई राजेश डोंगरे की टीम ने यातायात बहाल किया.

# अंग प्रत्यारोपण पर चर्चा जरूरी

## मानव सेवा सप्ताह के अवसर पर लाभार्थियों ने शिविर में करवाई जांच



**गोंदिया**-स्व. बजरंगलाल टेकडीवाल व स्व. किरणदेवी टेकडीवाल की पुण्यस्मृति में श्री गिरिराज गौ सेवा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानव सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस में नागपुर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डा. आशीष महावीरप्रसाद अग्रवाल के सहयोग से फिजियोथैरेपी कैंप आयोजित किया गया. यह कैंप 7 जुलाई से 9 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है. 7 जुलाई को 67 लोगों ने फिजियोथेरेपी के शिविर में अपना पंजीकरण करवा कर लाभ लिया. इसी के साथ-साथ डा. बाहेकर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की ओर से नि:शुल्क हृदयरोग जांच शिविर का लाभ भी लगभग 64 लोगों ने लिया. इस अवसर पर डा. बाहेकर अस्पताल की ओर से श्वष्टत्न, शुगर, थायराइड, बोन डेंसिटी, लिक्विड प्रोफइल व अन्य रक्त की जांच की गई, इस अवसर पर डा. दीपक बाहेकर द्वारा सभी लाभार्थियों की विशेष जांच भी की गई. डा. अलका बाहेकर द्वारा भी यहां आए हुए लाभार्थियों की जांच की गई. समिति की ओर से डा. दीपक बाहेकर, डा. अलका बाहेकर, डा. आशीष महावीरप्रसाद अग्रवाल व डा. मंजूश्री चौहान जो की नागपुर से पधारे थे इनका पुष्प गुच्छ देकर समिति द्वारा स्वागत किया गया. डा. बाहेकर ने इस अवसर पर तत्काल अगर किसी को हृदय विकार आता है अथवा मरीज जमीन पर गिर जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से कैसे सीपीआर देना, जिसे छाती पर 1 मिनट में 100 बार पंपिंग करना तथा हर 30 सेकंड में मुंह से श्वास देना इस प्रकार की जानकारी दी व कृत्रिम पुतला टेबल पर रखकर सीपीआर कैसे देना इसका प्रात्यक्षिक भी दिखाया. इस अवसर पर अपने व्याख्यान में गोंदिया में अपने वैद्यकीय अनुभव का भी जिक्र किया.

### गोंदिया की विभिन्न सेवा भावी समितियों की सराहना

अपने संबोधन में डा. बाहेकर ने गोंदिया के विभिन्न सेवा भावी समितियों की सराहना की तथा इस प्रकार के आयोजन से समाज को विशेष लाभ प्राप्त होता है. इस अवसर पर डा. दीपक बाहेकर ने आज शरीर की विभिन्न अंगों जो कि ब्रेन डेड होने के बाद किसी के काम आ सकते हैं. इसके प्रत्यारोपण पर बल देने की बात कही. अपने शहर में जिस प्रकार बढ़ चढ़कर नेत्रदान प्रत्यारोपण किया जा रहा है इसी प्रकार किडनी, लीवर व अन्य अंग किसी के काम आ सकते हैं इस प्रकार के कार्यक्रम को लेकर समाज को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया. इस कार्यक्रम के अन्य दिनों की सफल आयोजन की कामना की तथा आयोजक परिवार व गिरिराज गोसेवा मित्र मंडल की टीम को बधाई दी. इस क्रम में 8 जुलाई को भव्य रक्तदान शिविर आयोजित हुआ. 9 जुलाई को आंखों की जांच व नि:शुल्क चश्मा वितरण तथा मोतियाबिंद जांच व नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन किया गया है. जिन्हें मोतियाबिंद जांच तथा ऑपरेशन के इच्छुक है वे रानी सती मंदिर, गणेश नगर पहुंचकर इस मानव सेवा का लाभ लें ऐसा निवेदन समिति की ओर से किया गया है.

# भगवान विट्ठल... बलिराजा को प्रसन्न और संतुष्ट रखें, राज्य के कष्ट दूर करें, सभी को सही मार्ग पर चलने की बुद्धि दें- मुख्यमंत्री ने विट्ठल के चरणों में प्रार्थना की



**बुलंद गोंदिया। ( पंढरपुर )** - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पांडुरंग राज्य के कष्ट दूर करने की शक्ति दें, सही मार्ग पर चलने की बुद्धि दें और बलिराजा को खुश और संतुष्ट रहने का आशीर्वाद दें। आषाढ़ी शुद्ध एकादशी के अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपनी धर्मपत्नी और पूज्य वारकरी कैलाश दामू उगले, श्रीमती कल्पना कैलाश उगले के साथ श्री विट्ठल रुक्मिणी की आधिकारिक महापूजा की। बाद में वे श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर समिति की ओर से मुख्यमंत्री के अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर पालकमंत्री जयकुमार गोरे, जलसंसाधन मंत्री गिरीश महाजन, श्रीमती अमृता फडणवीस, विधायक समाधान अवताड़े, विधायक सचिन कल्याणशेट्टी, विधायक बाबासाहेब देशमुख, विधायक रणजीतसिंह मोहिते पाटिल, विधायक संजय सावकारे, विधायक देवेंद्र कोठे, विधायक अभिजीत पाटिल, विभागीय आयुक्त चंद्रकांत पुलकुंडवार, जिला कलेक्टर कुमार आशीर्वाद, मंदिर समिति के सह-अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर, मंदिर समिति के कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र शेलके सहित समिति के सभी सदस्य और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि वारी की परंपरा लगातार बढ़ रही है और इस साल वारी ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इतनी बड़ी संख्या में वारकरी पैदल पांडुरंग के दर्शन करने के लिए इस स्थान पर आए। वारकरी वहां मौजूद दिंडिया के साथ आए, लेकिन बड़ी संख्या में वारकरी पैदल आए। इन वारकरियों में विशेष रूप से युवाओं की संख्या अधिक है। सरकार और प्रशासन ने वारकरी को अच्छी सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि पालकमंत्री गोरे के नेतृत्व में प्रशासन ने वारकरों के लिए अच्छी व्यवस्था की है।

आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पांडुरंग की पूजा करना हर किसी के जीवन का एक सुखद क्षण होता है। कई वारकर अपनी पहल पर दिनद्या लेकर पैदल आए। वारी में हर कोई दूसरों में पांडुरंग देखता है, यह प्रथा दुनिया में कहीं और नहीं मिलती। वारी में हरिनाम जपते समय नई ऊर्जा मिलती है। वारी ने सही मायने में भागवत धर्म का झंडा ऊंचा रखा है। यह हमारी संस्कृति है, जो अलौकिक है, ऐसा कहते हुए श्री फडणवीस ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं कि सम्मानित वारकरों को पांडुरंग का आशीर्वाद मिलता रहे।

निर्मल वारी के माध्यम से बहुत अच्छी आवश्यक व्यवस्था किए जाने के कारण कहीं भी गंदगी नहीं दिखी और निर्मल वारी के साथ-साथ हरियाली, पर्यावरण अनुकूल वारी भी आयोजित की गई। हमारे संतों द्वारा दिया गया स्वच्छता का संदेश वास्तव में इस वारी में अनुभव किया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य की प्रगति में आध्यात्मिक प्रगति महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पालकमंत्री और जिला प्रशासन ने वीआईपी दर्शन बंद करने का निर्णय लिया, जिसके कारण आम भक्तों के लिए श्री विठ्ठल दर्शन की अवधि पांच घंटे कम हो गई है।

प्रारंभ में श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर समिति के सह-अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर ने प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि वारकरी वर्ग संतुष्ट है क्योंकि सरकार और जिला प्रशासन ने इस वर्ष की आषाढ़ी वारियों के दौरान वारकरियों के लिए बहुत अच्छी सुविधाएं प्रदान की हैं और वारकरियों की संख्या में वृद्धि हुई है और इस पर उचित नियंत्रण रखा जा रहा है।

जातेगांव तालुका नांदगांव जिला नासिक के वारकरी दंपत्ति कैलास उगले और कल्पना उगले, जो सरकारी महापूजा के सम्मानित वारकरी हैं, को महापूजा के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी सुशिक्षित पत्नी अमृता फडणवीस ने विधिवत सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा एसटी निगम द्वारा उन्हें एक वर्ष के लिए नि:शुल्क एसटी पास भी वितरित किये गये।

### मुख्यमंत्री ने श्री विट्ठल निर्मल दिंडी पुरस्कार वितरित किये

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने पैरों की स्वच्छता और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने वाले दिंडियों को श्री विठ्ठल निर्मल दिंडी पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रथम स्थान - श्री संत रोहिदास दिंडी नंबर 13, जगद्गुरु संत श्रेष्ठ श्री तुकाराम महाराज पालखी सोहला। दूसरा स्थान - श्री बालकृष्णबुवा वारकरी दिंडी नंबर 19, श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी सोहला। तृतीय स्थान - श्री गुरु बालासाहेब अजरेकर दिंडी क्रमांक 23, श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी सोहला।

# भारी बारिश से मकान ढहा



**गोंदिया**-जिले में पीछले तीन दिनों से जोरदार बारिश हो रही है. इसी बीच मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे तिरोड़ा तहसील के कवलेवाड़ा में भारी बारिश के कारण पुष्पाबाई अमृतलाल पटले का घर ढह गया. सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. लेकिन मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और परिवार को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. संबंधित प्रशासनिक यंत्रणा ने घटनास्थल को भेंट दी और पंचनामा किया. प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।